114 99

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 24 नवंबर, 2020 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 24 नवंबर, 2020 को 11.00 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1.	आचार्य प्रमोद कुमार जैन, निदेशक	-	अध्यक्ष
2.	आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र)	-	उपाध्यक्ष
3.	आचार्य राजीव प्रकाश, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास)	-	सदस्य
4.	आचार्य एस.बी.द्विवेदी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य)	-	सदस्य
5.	आचार्य रजनेश त्यागी, अधिष्ठाता (संकाय कार्य) प्रभार	-	सदस्य
6.	आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग	-	सदस्य
7.	आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग	-	सदस्य
8.	श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन)	-	सदस्य
9.	श्रीमती स्वाति बिस्वास, संयुक्त कुलसचिव (लेखा)	-	सदस्य
10.	आचार्य वी.के.दूबे, सह-अधिष्ठाता, (शैक्षणिक कार्य)	-	आमंत्रित सदस्य

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई।

अध्यक्ष महोदय ने समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि समाचार पत्र में प्रकाशित ख़बर के अनुसार देश में प्रौद्योगिकी की पढ़ाई हिन्दी माध्यम से शुरू करने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय ने एक उच्च स्तरीय बैठक की है, जिसमें एक प्रयोगिक परियोजना (पाइलट प्रोजेक्ट) की शुरुआत करने का प्रस्ताव रखा गया है और इसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय), वाराणसी को अगुआ के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत हमारे संस्थान में अभियांत्रिकी के पाठ्यक्रम को हिन्दी माध्यम से पढ़ाये जाने की शुरुआत की जाएगी। समिति के सदस्यों ने इस पहल की सराहना की एवं अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

सदस्यों के बीच कुछ पाठ्यक्रम हिन्दी माध्यम से शुरू करने, लैब मैनुअल हिन्दी में बनाने, तीन चार अध्यापकों द्वारा अपने विषय के कुछ प्रसंग हिन्दी में पढ़ाने, बहुभाषी अनुवाद प्रणाली विकसित करने और अभियांत्रिकी के कुछ विषय पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित कराने इत्यादि पर परिचर्चा हुई।

अध्यक्ष महोदय ने संस्थान में हिन्दी माध्यम से पढ़ाई शुरू करने की दिशा में आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग को इसकी एक कार्यनीति तैयार कर प्रस्तुत करने का निदेश दिया, जिसकी समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी।

बैठक, अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

(राजन श्रीवास्तव)
सदस्य

(प्रमोद कुमार जैन)
अध्यक्ष